## खबर संक्षेप

### एसपी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

**करनाल।** सीटू जिला सचिव जगपाल राणा पर थाना सदर करनाल पुलिस द्वारा झूठा मुकदमा बनाने व सगींन धाराएं लगाकर जेल में डालने के विरोध में 25 अप्रैल को पुलिस अधिक्षक कार्यालय पर जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारी और जनसंगठन यह प्रदर्शन करेंगे। सीटू कार्यालय में जिला प्रधान सतपाल सैनी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग म प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई। बैठक का संचालन जिला कैशियर ओ.पी. माटा ने किया।

### योग एवं तनाव मुक्ति विषय पर कार्यशाला

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला विंग की ओर से केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में विपासना ध्यान और योग एवं तनाव मुक्ति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम माधव शाखा महिला सहभागिता उपप्रधान सुजाता गुप्ता की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में 125 विद्यार्थियों के साथ स्टॉफ के कर्मचारी भी शामिल हुए। कार्यशाला में संसाधन व्यक्तियों डॉ सुभाष सेठी, बाल रोग विशेषज्ञ, दिल्ली और वरिष्ठ विपासना, ध्यान शिक्षक और रेणु अनेजा,विपासना, ध्यान शिक्षिका ने उत्कृष्ट मार्गदर्शन किया।

### एप पर हाजिरी के विरोध में धरना प्रदर्शन

**करनाल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ ने बीते वर्ष सरकार के साथ हुए समझौते को लागू करने तथा एसएमडब्लयू एप पर हाजिरी के विरोध में नगर निगम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता इकाई प्रधान राम सिंह ने की व संचालन सचिव राजकुमार ने किया। हाथों झाड़ू.उठाकर कर्मचारियों रोष जताया। मांगों का ज्ञापन नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव शारदा व राज्य उपप्रधान वीरभान बिडलान ने कहा कि बीते साल सात अगस्त 2024 को संघ व सरकार के मध्य हुई वार्ता में कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति बनी थी। संघ की ओर से यह मांग रखी गई थी कि सफाई कर्मचारियों की हाजिरी स्वच्छतम मित्र एप पर न लगाई जाए, क्योंकि यह एप वर्क आउटसोर्स व अन्य ठेकों की निगरानी करने के लिए बनाई गई है।

### पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

# कृषि राज्य मंत्री ने तरावड़ी अनाज मंडी का दौरा कर लिया खरीद का जायजा

**किसानों को आश्वासन देते हुए कहा किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी क्योंकि हरियाणा सरकार किसान हितैषी है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी



तरावड़ी। मंडी मे बने बूथों का दौरा करते हुये राज्य कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा



राज्य कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता।

तरावड़ी अनाज मंडी मे राज्य कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने दौरा करके गेहूं की खरीद व उठान की जानकारी ली और कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी क्योंकि हरियाणा सरकार किसान हितैषी है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद किसान है। उन्होंने सब्जी किसानों द्वारा जी. टी. रोड़ पर सब्जी मंडी बनाने की मांग पर कहा कि किसान सरकार को दस एकड़ से पंद्रह एकड़ जमीन जी.टी रोड़ पर उपलब्ध करवाए तो सरकार मंडी बनाने के लिए तैयार है। इसके अलावा मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने मंडी के बुथों में काम कर रहे आढ़तियों के लाइसेंस बनाने की मांग की। जिस पर कृषि मंत्री ने तरावड़ी मंडी में बने बूथों का दौरा किया है और कहा कि इन बूथों की लम्बाई चौड़ाई हरियाणा की बाकी मंडियों में बने बूथों से ज्यादा इसलिए इन दुकानों के लाइसेंस बने वह इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार गेंहू की पैदावार पिछले साल के मुकाबले दस प्रतिशत अधिक रही। जिससे किसान को लाभ मिला है और इस दौरान करीब आठ सौ एकड़ जमीन में फानों में आग लगी और कुछ जगहों पर गेंहू की फसल जली उन सभी को समय पर मुआवजा मिले। इसके लिए सरकार पूरी तरह जुटी हुई है।

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि पूरा देश इस हादसें से सदमें में है और देश की सरकार इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य विक्रम राणा, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, मंडल प्रधान शिवम बंसल, रामनिवास बंसल, गौरव गर्ग, महासचिव अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, मीडिया प्रभारी मुकेश गर्ग, राकेश गर्ग व मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा, सौरभ गर्ग, सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से रहे।



**घरौंडा।** शहर में कैंडल मार्च निकालती सामाजिक संस्था व अन्य लोग।

# आतंकी हमले से लोगों में आक्रोश, सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सामाजिक संस्था व युवा वर्ग सड़को पर उतरना शुरू हो गया है। बुधवार की शाम को शहर की सामाजिक संस्था विश्वकर्मा चौंक पर एकत्रित हुए और घटना पहलगांव की घटना की घोर निंदा की। सामाजिक संस्थाओ का कहना है कि पहलगांव में आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। बाद में पूरे शहर में कैंडल मार्च भी निकाला गया।

बता दे कि मंगलवार को पहलगांव में आतंकियों ने हमला बोल दिया था और काफी लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना ने पूरा देश में लोगो में गुस्सा है। जिसके विरोध में सामाजिक संस्था विश्वकर्मा चौंक पर एकत्रित हुए और आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद कैंडल मार्च विश्वकर्मा चौंक से शुरू हो कर रेलवे रोड, मंडी मनी राम से होता हुआ एसडी मंदिर के पास पहुंचा। सामाजिक संस्थाओ के पदाधिकारी शेरू विग, कमलकांत धीमान, पार्षद अमित गुप्ता, गगनदीप विग, महेंद्र सोनी, दिलावर चौहान, पवन जैन , दीपक शर्मा सहित अन्य लोगों का कहना है कि पहलगांव की घटना बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

**निकाला कैंडल मार्च**

सामाजिक संस्थाओ का कहना है कि पहलगांव में आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। बाद में पूरे शहर में कैंडल मार्च भी निकाला गया।

# संजना ने 92 और सलोनी ने 95 प्रतिशत अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की चार छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में हिंदी विषय में मेरिट में स्थान बना कर कॉलेज का नाम रोशन किया है ।कॉलेज प्रबंधन समिति की उपप्रधान सरदारनी कंवरप्रीत कौर विर्क ने मिठाई खिला कर सभी छात्राओं का सम्मान किया और सभी उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर शशि मदान ने कहा कि हमारी होनहार छात्रा आरती ने कला स्नातक के पांचवें सेमेस्टर में हिंदी विषय में रिकॉर्ड 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है,जबकि रीति कश्यप ने हिंदी विषय में 97 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।प्राचार्या ने बताया कि वही हमारी छात्रा सलोनी ने 95 अंक प्राप्त किए और संजना ने 92 अंकों साथ टॉप टेन में स्थान बनाया है । कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार कवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों पर गर्व है जिनकी प्रतिभा और मेहनत से कॉलेज नए आयाम स्थापित कर रहा है और निरंतर मेरिट में स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया।विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपना माता पिता ,अपनी मेहनत और अपने प्राध्यापकों डॉ बीर सिंह, डॉ.बलजीत कौर तथा डॉ.अमनदीप कौर को दिया।

# सफाई का मतलब केवल गंदगी साफ करना ही नहीं है बल्कि पूरे वातावरण को स्वच्छ रखना है: ब्रह्मजीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री



इंद्री के गांव जनेसरों मे स्वच्छता के बारे मे जानकारी देते खंड समन्वयक।

इंद्री के गांव जनेसरों में वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी के साथ स्वच्छता एवं साफ-सफाई से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण इंद्री के खंड समन्वयक ब्रह्मजीत ने कहा कि स्वच्छता अभियान सरकार का बहुत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए इसमें हर नागरिक की भागीदारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सफाई की आदत डालनी चाहिए और हर रोज कुछ समय सफाई के लिए देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह प्रण लेना होगा कि हर परिवार के पास निजी शौचालय अवश्य हो। उन्होंने कहा कि सफाई का मतलब केवल गंदगी साफ करना ही नहीं है बल्कि पूरे वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे मिलजुल कर कार्य करें और स्वच्छता अभियान में अपना पूरा योगदान दें तथा अपने घरों के साथ-साथ आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखें।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कुंजपुरा के खंड समन्वयक पूर्ण चन्द सैनी ने बताया कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता एवं सफाई बहुत जरूरी है। अगर हमारे आस-पास का वातावरण स्वच्छ होगा तो हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण अनेक बीमारियां पनपती हैं जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी को सफाई एवं स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभियान तक तक सफल नहीं होगा जब तक उसमें आम जनता की भागीदारी न हो। स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों को शामिल किया जाए और अपने आस-पास सफाई रखने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया जाए।

बैठक में ग्राम पंचायत को दिशा-निर्देश दिए गए कि गांव में तालाब, फिरनी व अन्य स्थानों से कचरा इत्यादि उठाने के उचित प्रबंधन करें और कचरा प्रबंधन सैड फंक्शनल करने के लिए भी कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर ग्राम सचिव लीशा गुप्ता, विजय सैनी, मुख्याध्यापिका सरोज बाला व जगदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया

रिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

सप्रेस ने गौतम बुद्ध नगर में अपने अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया है। एनएच-334सी, जीटी रोड, बैरंगपुर, दादरी के महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित यह लॉजिस्टिक पार्क इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च के अवसर पर सेफएक्सप्रेस के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे। गौतम बुद्ध नगर में 2.5 लाख वर्ग फीट में फैला, इस अत्याधुनिक लॉजिस्टिक केंद्र में ट्रांसशिपमेंट और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) की उन्नत क्षमताएं मौजूद हैं। इसे क्षेत्र में व्यवसायों की वेयरहाउसिंग और वितरण से जुड़ी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे तेज़ और अधिक कुशल सप्लाई चेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। क्रॉस-डॉक सेटअप 200 से अधिक वाहनों की एक साथ लोडिंग और अनलोडिंग कर सकता है। 80 फीट से अधिक की प्रभावशाली कॉलम-फ्री जगह लॉजिस्टिक्स पार्क के भीतर माल की बाधारहित आवाजाही सुनिश्चित करता है, जबकि 16-फीट चौड़े कैंटिलीवर शेड सभी मौसम में लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा प्रदान करते हैं।गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जो अपने मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए, विशेष रूप से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मशहूर है। परिधान कारखानों और निर्यातकों के अपने व्यापक नेटवर्क के कारण अक्सर इसे /"परिधानों का शहर/" कहा जाता है। यह जिला घरेलू और वैश्विक दोनों निवेशकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है।

# वोकेशनल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए बच्चों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



शिक्षा विभाग के तत्वाधान में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर हरियाणा के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मुफ्त में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। हरियाणा राज्य के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में शेखपुरा सोहाना के सरकारी स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा के तौर पर एग्रीकल्चर और ऑटोमोबाइल कोर्स चल रहे हैं जिसमें लगभग ढाई सौ बच्चे वोकेशनल एजुकेशन की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी तत्वाधान में स्कूल के बच्चों ने वोकेशनल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए गांव में रैली निकाली गई ताकि लोगों को वोकेशनल एजुकेशन का महत्व पता लगे और लोगों का रुझान वोकेशनल एजुकेशन की तरफ बढ़े। विद्यालय की प्राचार्य निधि चौधरी ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी एग्रीकल्चर और ऑटोमोबाइल की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में वोकेशनल एजुकेशन का अनुभव स्टाफ मौजूद है जो समय-समय पर बच्चों को गेस्ट लेक्चरर,फील्ड विजिट, ओंन जॉब ट्रेनिंग, कुशल बिजनेस चैलेंज आदि एक्टिविटी करवाते हैं और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ हाथ का हुनर भी सिखाते हैं। विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता दुलीचंद रमन ने बताया कि हरियाणा राज्य के लगभग 1300 सरकारी स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन की शिक्षा विद्यार्थियों को दी जा रही है और लगभग 15 ट्रेड विद्यालयों में चल रही है और आने वाला समय वोकेशनल एजुकेशन का ही है। कौशल और स्वरोजगार से ही बेरोजग़ारी की समस्या का समाधान किया जा सकता है।

### राजकीय महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया

**घरौंडा।** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भूगोल विभाग के डॉ. विकास द्वारा प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह नागिया को पौधा भेंट कर की गई। यह प्रतीकात्मक पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के संदेश के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर स्थित बोटैनिकल गार्डन में विद्यार्थियों ने सफाई अभियान चलाया और सभी पौधों में पानी दिया। विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह नागिया ने भी पौधारोपण कर सभी को हरियाली बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके बिना



### डीटीपी ने की पांच अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस असंध में 5 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि असंध में ढोल चौक पर लगभग 12 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडक़ों व सीवर नैटवर्क तथा लगभग 6 एकड़ में स्थित अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडक़ो, 3 डीपीसी व सीवर नेटवर्क के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जीन्द बाईपास के नजदीक डेरा गुजरखिया रोड पर लगभग 0.5 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 15 डी.पी.सी. व सभी कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा जीन्द रोड के नजदीक डेरा गुजरखिया रोड पर ही लगभग दो-दो एकड़ में फैली हुई दो अवैध कॉलोनियों में लगभग 8 डी.पी.सी. व सभी कच्ची सडक़ों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया इस अवैध कॉलोनी में विभाग द्वारा चौथी बार तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई है। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना असंध की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफ़ोड़ की कार्रवई जारी रहेगी।

# विधायक ने 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले रास्ते का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री



इंद्री के गांव गढ़ी जाटान में खेतों के रास्ते का शिलान्यास करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री के गांव गढ़ी जाटान में 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले खेतों के रास्ते का शिलान्यास किया। गांव में पहुंचने पर विधायक का पुष्प-गुच्छ व फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हलके में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी सरकार में विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने चुनाव में जनता से जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा कर जनता को विकास कार्यों के रूप में सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जितने अधिक होंगे, उतना ही लाभ आमजन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, व्यापारी व युवा वर्ग सहित सभी वर्गों ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों में विश्वास रखते हुए भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## निगमायुक्त ने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की दी हिदायत

# महाराणा प्रताप चौक से ताऊ देवी लाल चौक तक सड़क बनी नो वेंडिंग जोन,नहीं लगेंगी रेहड़ी-फड़ी: डॉ. वैशाली

**अतिक्रमण हटाने को लेकर की जा रही मुनादी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

आमजन की सहूलियत को देखते शहर की चार मुख्य सडक़ों के बाद नगर निगम ने अब एक ओर सडक़ को नो वेंडिंग जोन घोषित किया है। महाराणा प्रताप चौक से ताऊ देवी लाल चौक, जी.टी. रोड तक की सडक़ को नो वेंडिंग जोन बनाया गया है। अब इस सडक़ पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकेगा और न ही कोई भी दुकानदार अपनी सीमा से बाहर सामान रखेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शहर की मुख्य सडक़ों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर सडक़ों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है।

**निगमायुक्त ने अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित रखने की नागरिकों से की अपील**



**पहले ये सड़कें बनी थी नो वेंडिंग जोन**

उन्होंने जानकारी देते बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद् गीता द्वार, अम्बेडक़र चौक से लोक निर्माण विश्राम गृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया) तथा आई.टी.आई. चौक से सेक्टर-9 पुलिया तक सडक़ों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया था। सभी रेहड़ी-फड़ी, दुकानदार तथा शोरूम संचालकों को आई.ई.सी. के तहत सडक़ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने बारे कहा गया है।

**जोन इंचार्ज को दिए निर्देश**

उन्होंने सफाई शाखा के सम्बंधित जोन इंचार्ज को निर्देश देते कहा कि उपरोक्त पांचो सडक़ों व फुटपाथ पर किसी भी प्रकार की रेहड़ी-फड़ी पाई जाती है, तो उसके लिए सम्बंधित सफाई निरीक्षक व दरौगा स्वयं जिम्मेवार होंगे। निगमायुक्त ने सभी रेहड़ी-फड़ी वालों से आग्रह करते कहा है कि उपरोक्त सडक़ों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इन सडक़ों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर अपनी रेहड़ी-फड़ी ना लगाए और न ही कोई दुकानदार सडक़ पर सामान रखकर अतिक्रमण करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति रेहड़ी-फड़ी लगाता पाया गया तो सम्बंधित व्यक्ति का सामान जब्त करने के साथ-साथ उस पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित रखने की अपील भी की।

# जिले में 15 जून से होगी धान की रोपाई

## आदेश का पालन नहीं करने वाले किसान पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि किसान अगर 15 जून से पहले धान की रोपाई करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। भू-जल बचाने के लिए सरकार ने कड़ा प्रतिबंध लगाया हुआ है। जो किसान आदेशों का उल्लंघन करेगा, उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा और विभाग उसकी फसल को भी नष्ट करा देगा। फसल नष्ट कराने का खर्चा भी किसान से लिया जाएगा। ग्राम सचिव, पटवारी और कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ संबंधित खेत में पहुंचकर फसल को नष्ट कराएगी। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 90 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई व बिजाई की जाती है। समय से पहले धान की रोपाई रोकने के लिए कृषि विभाग ने टीमें गठित कर दी गई हैं। टीमें खंड कृषि अधिकारी व कृषि विभाग के नेतृत्व में खेतों में जाकर निरीक्षण करेंगी। नियमों के अनुसार 15 जून से पहले धान की रोपाई हरियाणा प्रिजर्वेशन आफ सबसायल वाटर एक्ट 2009 की अवहेलना है। इस मामले में जुर्माना व सजा का भी प्रावधान है।

### किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी

कृषि उपनिदेशक डॉ. आत्मा राम गोदारा ने बताया कि मेरा पानी, मेरी विरासत योजना को इस साल भी लागू किया गया है। धान की खेती छोड़ने और धान के जगह पर अन्य विकल्पित फसलों की बुआई करने वाले किसानों को 8 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कृषि विभाग ने धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 4500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है।

# प्रेम विवाह करने वाले को पुलिस थानों से मिलेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रेम विवाह करने वाले दंपत्ति पुलिस थाना में सुरक्षा ले सकते है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद गत दिनों इस संबंध में हरियाणा सरकार गृह मंत्रालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जिससे प्रेमी जोड़ों को और अधिक सुरक्षा मिल सके। जिला पानीपत पुलिस द्वारा उक्त निर्देशों की दृढ़ता से पालना की जा रही है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि जिला में इसके लिए महिला विरूद्ध अपराध डीएसपी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रत्येक थाना में एएसआई रैंक के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि यदि कोई प्रेमी युगल आपसी सहमति से विवाह करता है और उन्हें अपने परिवार या समाज से किसी प्रकार का खतरा महसूस होता है, तो वे निकटतम पुलिस थाना में जाकर सुरक्षा की मांग कर सकते हैं। थाना में तैनात पुलिस अधिकारी द्वारा इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर एएसआई उनकी पूरी बात सुनेगा। जिसके विरूद्ध शिकायत दी गई है उसे सुनवाई में शामिल किया जाएगा ताकि मामले को सुलझाया जा सकें।



### प्रेमी जोडों को सेफ हाउस में रखा जाएगा

प्रेमी जोड़ों को सैफ हाउस में रखकर सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। एएसआई मामले का तीन दिन में निपटारा करेगा। इसका उद्देश्य प्रेमी जोड़ो के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सुनिश्चित करना है, ताकि वे किसी भी खतरे से बच सकें। वहीं, कानून के तहत, यदि दोनों पक्ष बालिग हैं और उन्होंने स्वेच्छा से विवाह किया है, तो उन्हें सुरक्षा देने का अधिकार है। पुलिस ऐसे मामलों में युगल को आवश्यक कानूनी सहायता और सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

### धमकी देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

डीएसपी वत्स ने बताया कि पुलिस प्रशासन यह भी सुनिश्चित करता है कि ऐसे मामलों में जोड़े को मानसिक या शारीरिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए तथा उनकी गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही, कानून का उल्लंघन करने वाले या धमकी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप




### गांव अहर में विवाहिता लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव अहर में विवाहिता अपने बच्चों को बिना कुछ बताए घर छोड़कर अज्ञात स्थान पर चली गई। बच्चों ने मां के मोबाइल पर संपर्क किया। महिला ने फोन उठाया और बच्चों व पति से बात की। विवाहिता ने इक्कीस अप्रैल की दोपहर तक वापस लौटने की बात कही, लेकिन लौटी नहीं। इधर, पति की शिकायत पर थाना मतलौडा की उरलाना कलां पुलिस चौकी ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### राहमण माजरा में रात्रि ठहराव एक को

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव ब्राहमण माजरा में 25 अप्रैल को आयोजित होने वाला रात्रि ठहराव कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब यह रात्रि ठहराव एक मई वीरवार को आयोजित किया जाएगा।

### शुगर मील में लगाया मेडिकल कैंप

**पानीपत।** पानीपत शुगर मिल गांव डाहर में अधिकारियों व कर्मचायों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। वहीं कैंप का शुभारंभ मैनेजिंग डॉयरेक्टर मंदीप कुमार ने किया। कैंप में कर्मचारियों की बीपी, शुगर, नेत्रों की व हृदय गति की जांच की गई और डॉक्टर के परामर्श के बाद दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई।

### मंडियों में 2.71 लाख एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत।** पानीपत जिला की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। वहीं, 22 अप्रैल तक मंडियों में 271212.1 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 242223.5 टन की खरीद हुई है और 153644.3 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है।

### योजनाओं का लाभ उठाए दलितः उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शैड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप मे वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है।

### बाल पुरस्कार को आवेदन मांगे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों व युवाओं को मिलेगा पुरस्कार।

## पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की चौतरफा निंदा

# आतंकवादियों से सख्ती से निपटे केंद्र सरकार: बिल्ला

- कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आंतकी हमला अत्यंत निंदनीय
- सरकार को आंतकवादियो व पाकिस्तान के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़नी चाहिए
- आंतकवादी और इनके आकाओं की जड़ खोदने का वक्त आ गया



पानीपत। कश्मीर में पर्यटकों पर आंतकी हमले की निंदा करते हुए गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार बिल्ला, आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गुरुद्वारा कमेटी प्रधान व समाजसेवी जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आंतकी हमला अत्यंत निंदनीय है। बिल्ला ने कहा अब तो भारत सरकार को आंतकवादियो व पाकिस्तान के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़नी चाहिए। बिल्ला ने गुरुद्वारा में मीटिंग करने के बाद पत्रकारों को बताया कि वाहेगुरु, प्रभु श्री राम से प्रार्थना करते हैं कि दिवगंत आत्मा को शांति तथा घायलों को शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा अब मोमबती से न्याय नहीं बल्कि निर्णायक फैसला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे श्री गुरु गोबिंद सिंह ने अत्याचारियों मुगल शासकों को जड़ को उखाड़ा था, वैसे ही आंतकवादी और इनके आकाओं की जड़ खोदने का वक्त आ गया है। आज हिन्दू हिन्दुस्तान में ही सुरक्षित नहीं है तो वो कहां जाएगा। हमें मोदी सरकार से उम्मीद है कि हत्या करने वाले आतंकीयों को भारत सरकार कड़ी से कड़ी सजा देगी।

### भाकपा ने आंतकी हमले की निंदा

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है। जिसमें करीब 28 निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप एवं जिला सचिव पवन कुमार सैनी ने नागरिकों और पर्यटकों का यह भयानक नरसंहार एक घृणित कृत्य है जिसका किसी भी सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। इधर, आर्ट आफ लिविंग की हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमन ने भी आतंकी हमले की कडी निंदा की।

## प्रेम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में सेमिनार

# करियर बनाने में विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी: राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीसीसी एकेडमी के डॉयरेक्टर राजीव परुथी संबोधन करते हुए।

प्रेम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में बुधवार को सेमिनार हुआ। जिसमें मुख्य प्रवक्ता पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी रहे। वहीं, परुथी का कॉलेज मैनेजमेंट के द्वारा स्वागत किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर एंड सीईओ रिटायर ब्रिगेडियर जेआर सेठी ने राजीव परुथी की तारीफ की। यह लेक्चर बीएससी नर्सिंग के फर्स्ट ईयर एवं जीएनएम के फर्स्ट ईयर विद्यार्थियों के लिए था। राजीव परुथी ने बच्चों को प्रैक्टिकल ज्ञान लेने की सीख दी एवं अंग्रेजी भाषा को आसान तरीके से बोलने के तोर तरीके सिखाएं। राजीव परुथी ने बच्चों से काफी सवाल पूछे और अपने आप को अपडेट रहने की सलाह दी। कॉलेज प्रिंसिपल निधि शर्मा ने राजीव परुथी को भविष्य में भी जुड़े रहने को कहा। इस मौके पर डायरेक्टर पॉल दिनाकरण, एन एन पांडे, एमसी गोयल, अंकुश, प्रियंका, लक्ष्मी व गरिमा भी मौके पर मौजूद रहे।

# देवीलाल कॉलेज की 3 छात्राएं केयू की मेरिट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। देवीलाल कॉलेज में मेधावी छात्राएं अतिथियों के साथ।

एमए इतिहास के तृतीय वर्ष की परीक्षा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी कॉलेज गांव सिवाह की तनु ने 389 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, मनदीप ने 385 अंकों के साथ तृतीय स्थान और कोमल ने 379 अंकों के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान देवेंद्र कादियान, महासचिव लाभ सिंह कादियान व बलबीर सिंह ने कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ मीनाक्षी, असिस्टेंट प्रोफेसर अनु को बधाई व मेधावी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



पानीपत। श्री डेरा बाबा जोध सचियार में सेवा करने वाली टीम प्रसन्न मुद्रा में।

### जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देना एक पुण्य कार्य : कोमल सैनी

**पानीपत।** श्री डेरा बाबा जोध सचियार महिला विंग व आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 70 वां मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा। वहीं मेडिकल जांच में अस्वस्थ्य पाए गए लोगों को दवाइयां व चश्में दिए गए। इधर, मेडिकल कैंप में नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने श्री डेरा बाबा जोध सचियार महिला विंग व आदर्श एक विश्वास सोसाइटी द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए सरहाना की। जबकि पार्षद सांची तनेजा की उपस्थित में कैम्प का शुभारंभ डेरा बाबा जोध सचियार से सतनाम सिंह ने किया। इधर, मेडिकल कैम्प में डॉ संजय सेन फिजिशियन, डॉ निधि आहुजा, डॉ पुलकित गोयल, डॉ पारस सहगल, डॉ विकास अनेजा, डॉ गरिमा अनेजा ने नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा। इधर, श्री बाबा जोध सचियार महिला विंग के प्रधान वनिता रानी, आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल ने बताया भविष्य में जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य सेवा जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर डेरा बाबा जोध सचियार से महिला विंग से वीणा डुडेजा, नरेंद्र कौर, आशा तहरी, राज गुलाटी, राज ग्रोवर, पलक अरोड़ा, इंदु ग्रोवर, वीणा बठला, कैलाश ढींगरा, शोभा मेहंदीरत्ता, स्वीटी बठला आदि ने भी कैंप को सफल बनाने में सेवाएं दी।

## मंडलायुक्त ने लिए अपडेट व डीसी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

# सीएम विंडो, जनसंवाद और समाधान शिविर में आई समस्याओं के समाधान में तेजी लाएं



पानीपत। जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया।

- सीएम विंडो जन संवाद और समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे हैं प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अध्यक्षों के साथ जिला सचिवालय सभागार में सीएम विण्डों, जनसंवाद और समाधान शिविर में आई समस्याओं के समाधान की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों के द्वारा होना है वे इसमें समय ना लगाये।

### मंडलायुक्त ने लिए अपडेट

करनाल मंडल आयुक्त राजीव रतन ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जन संवाद, समाधान शिविर व सीएम विंडो पर दर्ज आम आदमी की समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से अपडेट लिया। वहीं डॉ दहिया ने मंडल आयुक्त को आश्वासन दिया कि सीएम विंडो जन संवाद और समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। उपायुक्त डॉ दहिया ने बाद में अधिकारियों के साथ बैठक की और समाधान शिविर में वह जन संवाद की और सीएम विंडो की पेंडिंग समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की निर्देश दिए।



पानीपत। आईबीएम हॉस्पिटल के निदेशक डा.गौरव श्रीवास्तव प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जनता को निष्काम स्वास्थ्य सेवाएं देगा आईबीएम हास्पिटल

- निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 को 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईबीएम अस्पताल संजय चौक जाटल रोड पर किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबीएम हॉस्पिटल जाटल रोड ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि चिकित्सा सेवा केवल व्यवसाय नहीं बल्कि समाज सेवा और मानवता की सेवा है। हॉस्पिटल के निदेशक डा.गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि आईबीएम हॉस्पिटल केवल इलाज करने वाला केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा स्थान है जहां इंसानियत सबसे पहले आती है। हमारा उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार नहीं बल्कि समाज को स्वस्थ, सशक्त और जागरूक बनाना है। जिसके तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईबीएम अस्पताल संजय चौक जाटल रोड पर किया जाएगा। इस शिविर में नागरिकों को बीपी, शुगर, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, बीएमआई जैसे कई टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगेए। साथ ही हड्डी रोग, हृदय रोग और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच भी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।

**संबोधन** | रूस में आयोजित होगा वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल

*विश्व युवा उत्सव में भारत को मिलेगी सशक्त भागेदारी*

# संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पानीपत के परमजीत ने उठाया युवाओं की भागेदारी



पानीपत। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में परमजीत जागलान से चर्चा करते हुए रूस के प्रतिनिधि एगोर लिटविनेंको। फोटो : हरिभूमि

- भारत और रूस के बीच युवा नीति, नेतृत्व विकास और वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने पर गहन चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के प्रतिष्ठित यूथ फोरम में एशिया और प्रशांत देशों की ओर से चयनित भारतीय युवा नेता पानीपत के गांव इसराना निवासी परमजीत जागलान ने विज्ञान और सामाजिक समावेश के माध्यम से सतत विकास के लिए युवाओं की अग्रणी भूमिका विषय पर अपना संबोधन किया। वहीं परमजीत जागलान ने रूस द्वारा आयोजित किए जाने वाले विश्व युवा महोत्सव में भारतीय युवाओं की सशक्त भागीदारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भारत की युवा आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक मज़बूती से प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है। इधर, रूसी युवा मामलों की संघीय एजेंसी के प्रमुख एगोर लिटविनेंको ने परमजीत जागलान को आश्वासन दिया कि रूस द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में भारत से एक बड़े युवा प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा मिल सके और भारत-रूस युवा भागीदारी को वैश्विक स्वरूप प्रदान किया जा सके। दूसरी ओर, परमजीत जागलान ने बताया कि उच्चस्तरीय संवाद के दौरान भारत और रूस के बीच युवा नीति, नेतृत्व विकास और वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने पर गहन चर्चा हुई। यह चर्चा न केवल भारत और रूस के बीच युवा संबंधों को सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है, बल्कि यह वैश्विक मंचों पर दक्षिण एशिया की युवा आवाज को निर्णायक रूप से प्रस्तुत करने का एक ऐतिहासिक अवसर भी है। वहीं, परजीत जागलान ने यह स्पष्ट किया कि आज के युवा केवल नीति के सहभागी नहीं, बल्कि नीति निर्माण के सक्रिय साझेदार हैं।



पानीपत। आईबी कॉलेज के प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पहला सुख निरोगी काया, स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास : डॉ मलिक

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में चले एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम डॉ.निधान सिंह, प्रो. पवन, डॉ.जोगेश, प्रो. खुशबू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.रजत गुप्ता सिविल अस्पताल रहे। जबकि प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक द्वारा डॉ.रजत गुप्ता, डॉ.मनीष पासी को पौधा भेंट देकर स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। अतः मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अत्यावश्यक है। डॉ.रजत ने सभी को यह बताया कि हीमोफीलिया इसलिए होता है क्योंकि आपका शरीर पर्याप्त मात्रा में क्लॉटिंग फैक्टर नहीं बनाता है। इधर, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम नितिन वर्मा, द्वितीय इश्मीत कौर, तृतीय अरीशा सैफी और दीप्ति रही। इस अवसर पर डॉ.नीतू मनोचा, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ.नीलम, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. निधि, डॉ.स्वाति, डॉ.अंजलि व डॉ.नेहा आदि उपस्थित रहे।

